INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class:VII- 3rd Lang	Department: Hindi	Date of submission: Keep in File
Question bank	Topic: न्यायमंत्री	Note: Read, write and learn

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क. सम्राट ने शिशुपाल को मंत्री क्यों बनाया ?

उत्तर : शिशुपाल ने एक बार सम्राट से कहा था कि यदि मुझे अवसर दिया जाए तो मैं न्याय का डंका बजा दूँगा । सम्राट शिशुपाल को अवसर देकर उसकी परीक्षा लेना चाहते थे कि सही में वह जैसा कहता है वैसा कर सकता है या नहीं । इसलिए सम्राट ने शिशुपाल को न्यायमंत्री बनाया ।

प्रश्न ख. हत्यारे का पता चलने पर न्यायमंत्री ने क्या किया ?

उत्तर : हत्यारे का पता चलने पर न्यायमंत्री ने अपराधी को गिरफ्तार कर लेने की आज्ञा दी ।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. शिशुपाल कौन था और वह सम्राट अशोक से कैसे मिला ?

उत्तर : शिशुपाल एक ब्राह्मण था । सम्राट अशोक रात के अँधेरे में शिशुपाल के घर एक अतिथि के रूप में आए तभी शिशुपाल की मुलाक़ात पहली बार सम्राट से हुई ।

प्रश्न ख. पहरेदार की हत्या किसने की और क्यों ?

उत्तर : पहरेदार की हत्या सम्राट अशोक ने की क्योंकि वह उद्दंड था ।

प्रश्न ग. शिशुपाल के न्यायमंत्री बनने पर राज्य का प्रबंध कैसा हो गया ?

उत्तर: शिशुपाल के न्यायमंत्री बनने पर राज्य में पूरी तरह शांति रहने लगी । किसी को किसी भी प्रकार का भय नहीं था । लोग घरों के दरवाज़े तक खुले छोड़ देते थे । चारों तरफ़ न्यामंत्री के सुप्रबंध और न्याय की धूम मच गई ।

प्रश्न घ. न्यायमंत्री ने सम्राट के स्थान पर उनकी मूर्ति को फाँसी पर लटकाने की आज्ञा क्यों दी ?

उत्तर : न्यायमंत्री ने सम्राट के स्थान पर उनकी मूर्ति को फाँसी पर लटकाने की आज्ञा दी क्योंकि अपराधी कोई और नहीं बल्कि सम्राट अशोक स्वयं थे। सम्राट के स्थान पर उनकी मूर्ति को फाँसी पर लटका कर लोगों को शिक्षा देना चाहते थे कि क़ानून से बड़ा कोई नहीं होता।

प्रश्न च : जब अपराधी का पता चला तो शिशुपाल भौचक्के क्यों रह गए ?

उत्तर : जब अपराधी का पता चला तो शिशुपाल भौचक्के रह गए क्योंकि स्वयं सम्राट ने ही उस पहरेदार की हत्या की थी। वह समझ नहीं पा रहा था कि सम्राट को कैसे अपराधी घोषित किया जाए।

प्रश्न छ. दरबार में पहुँचकर शिशुपाल का कलेजा क्यों धड़कने लगा ?

उत्तर : दरबार में पहुँचकर शिशुपाल का कलेजा धड़कने लगा क्योंकि उसे लगा कि उस परदेशी ने सम्राट से उसकी झूठी - सच्ची शिकायत तो नहीं कर दी।

प्रश्न ज : अपराधी का पता लगाने के लिए सम्राट ने शिशुपाल को कितना समय दिया ?

उत्तर : अपराधी का पता लगाने के लिए सम्राट ने शिशुपाल को एक सप्ताह का समय दिया।

पाठ्य पुस्तक --1 सही विकल्प चुनिए।

क. शिशुपाल के घर में कौन आए थे ?

* न्यायमंत्री *प्रधानमंत्री *सम्राट अशोक *सेनापति

ख. शिशुपाल को कौन-सा पद दिया गया ?

*सेनापति *न्यायमंत्री *प्रधानमंत्री *खजांची

ग. किसकी हत्या हुई थी ?

*बालक की * पहरेदार की *सिपाही की *रानी की

घ. हत्या किसने की थी ?

*शिशुपाल ने *न्यायमंत्री ने *सम्राट अशोक ने *राजकुमार ने

च. चरों ओर क्या फैला था ?

* कुहरा * कुहासा * प्रकाश * अंधकार

छ. परदेशी ने किसके घर का दरवाज़ा खटखटाया ?

* मणिपाल के *नागपाल के * शिशुपाल के *धर्मपाल के

ज. दरवाज़े पर कौन खडा था ?

* बालक * बूढ़ा * रोगी *नवयुवक